भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

द्वि-मासिक समाचार पत्र

Title : HARHIN/11578

# यमुना संदेश

राष्ट्रीय समाचार पत्र ( हिन्दी )

समाचार पत्र में खबरें एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें

कानूनी सलाहकार :
रीटा खारवर, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, दिल्ली
साहब सिंह गुर्जर, एडवोकेट, यमुनानगर

Regd. Registrar Newspaper of India Ministry of Information & Broadcasting

# 367-F, PROFESSORCOLONY, YAMUNA NAGAR-135001 (HARYANA) • Mob. 93155-55560, 93557-77739

यमुनानगर से प्रकाशित

वर्ष-01/ अंक 09 | यमुनानगर, गुरुवार 01 जनवरी 2026 | Website : yamunasandesh.com | Email: yamunasandesh2@gmail.com | मूल्य : 5.00 प्रति कॉपी

## नशा रोकने की दिशा में उठाएं कदम : डीसी प्रीति

## नशा मुक्ति की बैठक में डीसी ने दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

**यमुना संदेश,सत्यम नागपाल :** डीसी प्रीति ने कहा कि जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए विशेषकर युवाओं में जागरूकता लानी जरूरी है। इसके साथ-साथ सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशा मुक्ति पर आपसी सामंजस्य के साथ आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि सभी बीडीपीओ कार्यालय, सीएचसी, पीएचसी, स्कूल व कॉलेजों में शिकायत पेटिका लगाएं जिसमें आम लोग नशा बेचने वालों व नशा करने वालों के खिलाफ शिकायत डाल सकें जिस पर जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी और शिकायतकर्ता का नाम गुप्त रखा जाएगा। डीसी प्रीति ने जिला सचिवालय के सभागार में जिले में नशे की रोकथाम को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य ड्रग्स आदि नशे को जड़ मूल से खत्म करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर माह सभी नशा मुक्ति केन्द्रों का निरीक्षण करें। उन्होंने कहा कि नशा रोकने को लेकर पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग सहित अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं के साथ मिलकर गांव व शहर में जाकर लोगों को जागरूक करें और नशा करने वाले लोगों पर नजर बना कर रखें ताकि उनमें सुधार लाया जा सकें। उन्होंने बताया कि जिला में कोई भी व्यक्ति नशे करने वाले व्यक्ति की जानकारी




नशा मुक्ति कंट्रोल रूम नंबर 74199-17102 व 112 पर दे सकता है। उन्होंने कहा कि लोगों को नशा छोड़ने के लिए अभियान चलाएं इसमें तहसील और उप-तहसील तक यह अभियान गांवों व शहरों में चलाएं। कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों पर नशा न करें। डीसी ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सभी मेडिकल स्टोरों में नशें की प्रतिबंधित दवाओं की जांच कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि जिन मेडिकल स्टोरों पर अवैध रूप से नशे की दवा मिलती है मेडिकल स्टोर के संचालको पर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी मेडिकल स्टोर नशे की दवाई न दें। डीसी ने जिला के सभी अधिकारियों व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जाए ताकि वह हर प्रकार के नशे से दूर रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करना बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को बताया जाए कि नशा उनको तबाही की तरफ लेकर जाता है। जबकि युवाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के बारे में सोचना चाहिए।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि स्कूल व कॉलेज के अध्यापक नशा मुक्ति के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करें। नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग को एकजुट होकर काम करना होगा। केवल सरकारी प्रयासों से ही नशे की समस्या को समाप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए नागरिकों को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी और एकजुट होकर नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी।

इस मौके पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, व्यासपुर के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, डीएसपी रजत गुलिया, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विपिन गोंदवाल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीसी प्रीति ने जिला की नदियों से भूमि कटाव प्रभावित विभिन्न गांवों का किया दौरा

### लोगों की सुनी समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**यमुना संदेश,सत्यम नितिन नागपाल :** उपायुक्त प्रीति ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना नदी, सोम नदी, पत्थराला नदी, चतंग नदी के किनारे गांव ताजेवाला, हथनीकुंड बैराज, बरौली माजरा, मलिकपुर बांगर, रूकाली, बसांतियावाला, राजपुरा, लंडौरा, कान्हड़ी खुर्द आदि का दौरा किया। उन्होंने ग्रामवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने ग्राम वासियों को आश्वासन दिया कि 57वीं बैठक में स्वीकृत होने के उपरांत सभी बाढ़ बचाव कार्य जल्द से जल्द मानसून



सीजन से पहले पूर्ण करवा दिए जाएंगे। उन्होंने हथनीकुंड बैराज पर डायाफ्राम दीवार के निर्माण कार्य व डैम का निरीक्षण किया। उपायुक्त को ग्रामवासियों ने बताया कि बरसात के मौसम में यमुना नदी, सोम नदी, पत्थराला नदी, चतंग नदी विकराल रूप धारण करती है और हम किसानों की खेतों की जमीन नदियों में समा जाती है। बरसात के दिनों में नदियों में अधिक मात्रा में पानी आने की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने उपायुक्त को नदियों के किनारों को मजबूत करने के बारे में अनुरोध किया। डीसी ने नदियों से हुए कटाव के संबंध में तटबंधों को मजबूत करने और आवश्यकता के अनुसार स्टड लगाए जाने के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विनोद कुमार, विजय गर्ग, सुरेन्द्र कुमार, रविंदर कुमार, सरस्वतीनगर के बीडीपीओ श्याम लाल, सिंचाई विभाग के उपमण्डल अधिकारी सहदेव डागर व संबंधित कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुरुक्षेत्र पुलिस के लिये उपलब्धियों भरा रहा वर्ष 2025, अपराधों में आई कमी : पुलिस अधीक्षक

**यमुना संदेश,सत्यम नागपाल :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में कारवाई करते हुए वर्ष 2025 के दौरान अपराधों पर अंकुश लगाने मे कामयाब रही। अपराधों की रोकथाम में जिला पुलिस के लिए वर्ष 2025 उपलब्धियों भरा रहा। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र पुलिस की कड़ी मेहनत के परिणाम स्वरूप वर्ष 2025 के दौरान जिला में 2024 की तुलना में गृह भेदन, स्नैचिंग, वाहन चोरी, साधारण चोरी जैसे अपराधों में कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान वाहन चोरी के 657 मामले सामने आए थे वहीं वर्ष 2025 में 572 मामलें सामने आए हैं। वर्षभर में वाहन चोरी के मामलों में 12 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान छीनाझपटी के 67 मामले सामने आए थे वही वर्ष 2025 में 60 मामलें सामने आए हैं जिनमे वर्षभर में 10 प्रतिशत



की कमी आई है। इसी प्रकार वर्ष 2024 के दौरान गृह भेदन के 350 मामले दर्ज हुए थे वही वर्ष 2025 में 325 मामलें दर्ज हुए हैं जिनमे वर्षभर में 7 प्रतिशत की कमी आई है। वर्ष 2024 के दौरान सामान्य चोरी के 310 मामले सामने आए थे वही वर्ष 2025 में 233 मामलें सामने आए हैं। वर्षभर में सामान्य चोरी के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पुलिस का प्रयास केवल अपराधों पर अंकुश लगाना ही नहीं बल्कि समाज की मानसिक प्रवृति में बदलाव कर अपराधों को जड़ से मिटाना है। जैसा कि पुलिस का स्लोगन है सेवा, सुरक्षा और सहयोग उसी पर कार्य करते हुए महिलाओं और कमजोर वर्ग को उनके अधिकारों कानून के बारे में जागरूक किया जाकर अपराधों में कमी लाई जा रही है। जिला पुलिस कुरुक्षेत्र द्वारा इस तरह के प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे।

BALRAJ HYDRO INDUSTRIES

आप सब को बलराज हाइड्रो परिवार की ओर से

नव वर्ष-2026 व लोहड़ी पर्व दी लख-लख बधाई




Mfrs. & Export of :

Plywood Machine, Hydraculic Press, Panel Door Plants, Peeling Lathe, Machine, Knife Grinding Machine etc.






Plywood Veneers Core Dryer Machine



Wood Cutting Chipper Machine Capacity 1 to 10 Ton



Pelling Lath Machine



Fully Automatic Brush Sending Machine



S.S 304 Glue Cattle
Capacity 1 To 25 Ton

Address : E-17, Near Polo Plastic Chowk, Industrial Area, Yamuna Nagar (Haryana)

Email: balraj.hydro@yahoo.com

Mob. 93543-10999, 93553-36887